# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

**विज्ञप्ति संख्या : पी॰आर॰........../2026**

**डी॰एल॰एड॰ (फेस–टू–फेस) पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र 2024–26 के द्वितीय वर्ष तथा सत्र 2025–27 के प्रथम वर्ष के बाह्य विषयों की परीक्षा के (i) परीक्षा कार्यक्रम का प्रकाशन एवं (ii) उक्त परीक्षा का प्रवेश पत्र समिति के वेबसाइट पर अपलोड रहने के संबंध में आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा NCTE से मान्यता एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्धता प्राप्त डी॰एल॰एड॰ पाठ्यक्रम संचालित प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/प्रशिक्षणार्थियों एवं सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि प्रशिक्षण सत्र 2024–26 के द्वितीय वर्ष एवं प्रशिक्षण सत्र 2025–27 के प्रथम वर्ष के बाह्य विषयों की परीक्षा क्रमशः दिनांक **24.07.2026 से 28.07.2026** तक एवं दिनांक **31.07.2026 से 07.08.2026** तक अरवल जिला को छोड़कर शेष सभी जिला मुख्यालय में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर निम्नांकित कार्यक्रम के अनुसार संचालित होगी :–

| परीक्षा की तिथि एवं दिन | प्रथम पाली | | | द्वितीय पाली | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | विषय कोड | विषय का नाम | परीक्षा का समय | विषय कोड | विषय का नाम | परीक्षा का समय |
| **–: द्वितीय वर्ष :–** | | | | | | |
| 24.07.2026 (शुक्रवार) | S-1 | Education in Contemporary Indian Society<br>समकालीन भारतीय समाज में शिक्षा | 9:30 बजे पूर्वाह्न से 12:45 बजे अपराह्न तक (Cool off time = 9:30 बजे से 9:45 बजे पूर्वाह्न) | S-2 | Cognition, Learning and the Development of Children<br>संज्ञान, सीखना और बालविकास | 2:00 बजे अपराह्न से 5:15 बजे अपराह्न तक (Cool off time = 2:00 बजे से 2:15 बजे अपराह्न) |
| 25.07.2026 (शनिवार) | S-4 | Towards Self-Understanding<br>स्वयं की समझ | 9:30 बजे पूर्वाह्न से 11:45 बजे पूर्वाह्न तक (Cool off time = 9:30 बजे से 9:45 बजे पूर्वाह्न) | S-5 | Health, Yoga and Physical Education in School<br>विद्यालय में स्वास्थ्य, योग एवं शारीरिक शिक्षा | 2:00 बजे अपराह्न से 4:15 बजे अपराह्न तक (Cool off time = 2:00 बजे से 2:15 बजे अपराह्न) |
| 27.07.2026 (सोमवार) | S-6 | Pedagogy of English (Primary Level)<br>अंग्रेजी का शिक्षण शास्त्र (प्राथमिक स्तर) | 9:30 बजे पूर्वाह्न से 11:45 बजे पूर्वाह्न तक (Cool off time = 9:30 बजे से 9:45 बजे पूर्वाह्न) | S-7 | Pedagogy of Mathematics-2 (Primary Level)<br>गणित का शिक्षण शास्त्र–2 (प्राथमिक स्तर) | 2:00 बजे अपराह्न से 4:15 बजे अपराह्न तक (Cool off time = 2:00 बजे से 2:15 बजे अपराह्न) |
| 28.07.2026 (मंगलवार) | S-8 | हिन्दी का शिक्षण शास्त्र–2 (प्राथमिक स्तर)<br>Pedagogy of Hindi-2 (Primary Level) | 9:30 बजे पूर्वाह्न से 11:45 बजे पूर्वाह्न तक (Cool off time = 9:30 बजे से 9:45 बजे पूर्वाह्न) | S-9 | Pedagogy of anyone subject from Upper-primary level (class 6-8)<br>उच्च–प्राथमिक स्तर वर्ग (6–8) किसी एक विषय का शिक्षण शास्त्र | 2:00 बजे अपराह्न से 4:15 बजे अपराह्न तक (Cool off time = 2:00 बजे से 2:15 बजे अपराह्न) |
| **–: प्रथम वर्ष :–** | | | | | | |
| 31.07.2026 (शुक्रवार) | F-1 | Understanding of society, Education and Curriculum<br>समाज, शिक्षा और पाठ्यचर्या की समझ | 9:30 बजे पूर्वाह्न से 12:45 बजे अपराह्न तक (Cool off time = 9:30 बजे से 9:45 बजे पूर्वाह्न) | F-2 | Childhood and the Development of Children<br>बचपन और बाल विकास | 2:00 बजे अपराह्न से 5:15 बजे अपराह्न तक (Cool off time = 2:00 बजे से 2:15 बजे अपराह्न) |
| 01.08.2026 (शनिवार) | F-3 | Early Childhood Care and Education<br>प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा | 9:30 बजे पूर्वाह्न से 12:45 बजे अपराह्न तक (Cool off time = 9:30 बजे से 9:45 बजे पूर्वाह्न) | F-4 | School Culture, Change and Teacher Development<br>विद्यालय संस्कृति, परिवर्तन और शिक्षक विकास | 2:00 बजे अपराह्न से 5:15 बजे अपराह्न तक (Cool off time = 2:00 बजे से 2:15 बजे अपराह्न) |
| 03.08.2026 (सोमवार) | F-5 | Understanding of Language and Early Language Development<br>भाषा की समझ तथा आरम्भिक भाषा विकास | 9:30 बजे पूर्वाह्न से 11:45 बजे पूर्वाह्न तक (Cool off time = 9:30 बजे से 9:45 बजे पूर्वाह्न) | F-6 | Gender and Inclusive Perspectives in Education<br>शिक्षा में जेण्डर एवं समावेशी परिप्रेक्ष्य | 2:00 बजे अपराह्न से 4:15 बजे अपराह्नतक (Cool off time =2:00 बजे से 2:15 बजे अपराह्न) |
| 05.08.2026 (बुधवार) | F-7 | Pedagogy of Mathematics-1 (Primary Level)<br>गणित का शिक्षण शास्त्र–1 (प्राथमिक स्तर) | 9:30 बजे पूर्वाह्न से 11:45 बजे पूर्वाह्न तक (Cool off time = 9:30 बजे से 9:45 बजे पूर्वाह्न) | F-8 | Pedagogy of Hindi-1 (Primary Level)<br>हिन्दी का शिक्षण शास्त्र–1 (प्राथमिक स्तर) | 2:00 बजे अपराह्न से 4:15 बजे अपराह्न तक (Cool off time = 2:00 बजे से 2:15 बजे अपराह्न) |
| 06.08.2026 (गुरुवार) | F-9 | Proficiency in English | 9:30 बजे पूर्वाह्न से 11:45 बजे पूर्वाह्न तक (Cool off time = 9:30 बजे से 9:45 बजे पूर्वाह्न) | F-10 | Pedagogy of Environmental Studies<br>पर्यावरण अध्ययन का शिक्षण शास्त्र | 2:00 बजे अपराह्न से 4:15 बजे अपराह्न तक (Cool off time =2:00 बजे से 2:15 बजे अपराह्न) |
| 07.08.2026 (शुक्रवार) | F-11 | Art Integrated Education<br>कला समेकित शिक्षा | 9:30 बजे पूर्वाह्न से 11:45 बजे पूर्वाह्न तक (Cool off time = 9:30 बजे से 9:45 बजे पूर्वाह्न) | F-12 | Information and Communication Technology in Education<br>शिक्षा में सूचना एवं संचार तकनीकी | 2:00 बजे अपराह्न से 4:15 बजे अपराह्न तक (Cool off time = 2:00 बजे से 2:15 बजे अपराह्न) |

नोट : परीक्षार्थी को परीक्षा शुरू होने से कम–से–कम 30 मिनट पहले परीक्षा भवन में प्रवेश कर लेना आवश्यक है। देर से आने वाले परीक्षार्थी को उस बैठक की परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रथम पाली के परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारम्भ होने के समय (पूर्वाह्न 9:30 बजे) से 30 मिनट पूर्व अर्थात् पूर्वाह्न 09:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली के परीक्षार्थी को द्वितीय पाली की परीक्षा प्रारम्भ होने के समय (अपराह्न

02:00 बजे) से 30 मिनट पूर्व अर्थात् अपराह्न 01:30 बजे तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसके बाद विलम्ब से आने वाले परीक्षार्थी को परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी।

2. डी॰एल॰एड॰ (फेस–टू–फेस) पाठ्यक्रम के सत्र 2024–26 के द्वितीय वर्ष तथा सत्र 2025–27 के प्रथम वर्ष के बाह्य विषयों की परीक्षा वर्ष, 2026 का प्रवेश पत्र बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के वेबसाइट https://deled.biharboardonline.org पर दिनांक 13.07.2026 से अपलोड रहेगा। संबंधित संस्थान के प्राचार्य पूर्व से उपलब्ध User Id एवं पासवर्ड से Log in कर प्रवेश पत्र Download कर अपने हस्ताक्षर मुहर के साथ परीक्षार्थी को हस्तगत् कराना सुनिश्चित करेंगे।

3. डी॰एल॰एड॰ (फेस–टू–फेस) पाठ्यक्रम के अनुसार प्रथम वर्ष के विषय कोड (F-8 and F-9) तथा द्वितीय वर्ष के विषय कोड (S-6 and S-8) विशिष्ट विषय हैं। इन विषयों की परीक्षा में प्रश्नों के उत्तर हेतु विषय के अनुरूप भाषा/लिपि का प्रयोग परीक्षार्थी द्वारा किया जाना आवश्यक है। अर्थात विषय कोड F-9 व S-6 का प्रश्नोत्तर अंग्रेजी में तथा विषय कोड F-8 व S-8 का प्रश्नोत्तर हिन्दी में दिया जाना आवश्यक है। जो परीक्षार्थी उक्त से भिन्न अन्य भाषा/लिपि में प्रश्नोत्तर देंगे, उनके संबंधित विषय की उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

4. डी॰एल॰एड॰ (फेस–टू–फेस) पाठ्यक्रम के अनुसार जो परीक्षार्थी पूर्व के परीक्षा वर्ष, 2025 में किसी भी आंतरिक विषय में अनुतीर्ण/अनुपस्थित हुए हैं तथा यदि उनके द्वारा इस वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा आवेदन पत्र जमा किया गया है, तो उन्हें डी॰एल॰एड॰ पाठ्यक्रम पूर्ण करने के लिए उक्त आंतरिक विषय की परीक्षा के साथ–साथ सभी बाह्य विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

5. **दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए श्रुतिलेखक (Scribe/Writer) की सुविधा उपलब्ध कराए जाने के संबंध में:–** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के पत्रांक F.No. 34-02/2015-DD III, दिनांक 29.08.2018–सह–पठित शुद्धि पत्रांक F.No. 34-02/2015-DD III (pt.), दिनांक 08.02.2019 एवं पत्रांक F.No. 29-6/2019-DD III, दिनांक 10.08.2022 द्वारा संसूचित प्रावधान के आलोक में दिव्यांग परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु श्रुतिलेखक (Scribe/Writer) उपलब्ध कराने के संबंध में सैद्धान्तिक परीक्षा संचालन के लिए मार्गदर्शिका की कंडिका–17 में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी के लिए निदेश संसूचित है। श्रुतिलेखक (Scribe/Writer) के पात्र परीक्षार्थियों को परीक्षा में 20 मिनट प्रति घंटा का क्षतिपूरक समय (Compensatory time) देय होगा। दिव्यांगजन को परीक्षा प्रारंभ होने के एक सप्ताह पूर्व संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देना होगा।

6. ऑनलाइन प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के **हेल्प लाइन नं॰–9430429722, 0612–2232239** अथवा **E-mail Id:** bseb@antiersolutions.com पर सूचित कर समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक (विविध),
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

ज्ञापांक : के॰वि॰393..... /2026

पटना, दिनांक 11/07/2026

प्रतिलिपि : 1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु प्रेषित।

2 उप निदेशक, आई॰टी॰ (विविध) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि प्रशिक्षणार्थी सम्बद्धता प्राप्त संस्थानों के प्राचार्य, जिला शिक्षा पदाधिकारी के जानकारी हेतु इस विज्ञप्ति को समिति के B.S.Ex.B. Mobile App पर भी डाल दिया जाए ताकि सभी संबंधितों द्वारा अपने स्तर पर इस निमित आवश्यक कार्रवाई की जा सके। साथ ही सभी आवेदक प्रशिक्षणार्थियों को भी एस॰एम॰एस॰ के माध्यम से संसूचित किया जाए।

3. जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार (अरवल जिला छोड़कर) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

4. सभी संबंधित संस्थानों के प्राचार्य को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

5. Project Manager, Antier Solutions Pvt. Ltd. को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि वर्णित के आलोक में निर्धारित किए गए समय के अनुसार उपर्युक्त कार्य को सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था करने का कष्ट करें।

6. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी, निदेशक(शैक्षणिक), निदेशक(आई॰टी॰), वित्त पदाधिकारी,(मा॰)/वरीय पदाधिकारी, भंडार(मा॰)/परीक्षा नियंत्रक(मा॰)/परीक्षा नियंत्रक(उ॰मा॰) को सूचनार्थ प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक (विविध),
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति